चरैवेति
त्वदीयं वस्तु गोविन्द
तुभ्यमेव समर्पये ...
गोपाल शर्मा

गंजापन नो टेंशन
चले आइये सेटिसफेक्शन
मात्र रु. 1999/-
2 घंटे पहले
2 घंटे बाद
बिना सर्जरी के अमेरिकन तकनीकी द्वारा
सेटिसफेक्शन हेयर विविंग पॉइंट
शॉप . नं. 137, स्पेस सिनेमा सिटी प्लाजा
Ist Floor बनीपार्क, जयपुर
Mo. 9214310465

जयपुर
महानगर टाइम्स
लोकतंत्र को समर्पित समाचार पत्र
www.mahanagartimes.net
वर्ष 17 अंक 121 जयपुर, 15 अप्रेल, 2014, मंगलवार (चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, २०७१)
पृष्ठ 8 मूल्य 2 रुपए

हनुमान जयंती की शुभकामनाएं
17 अप्रेल 2014 को मतदान अवश्य करें
वोट फॉर इण्डिया
राजस्थान मिशन 25
मुकेश पारीक
नटवर लाल गर्ग 9351591496
हितेश अग्रवाल 9414332255

जम्मू से पोर्ट ब्लेयर, बाड़मेर से इम्फाल ..बदलाव की बयार

नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनें या नहीं.. (फिर खुद को टोकते हुए) नहीं–नहीं, प्रधानमंत्री तो खैर वे अब बन ही गए हैं.. लेकिन यह जरूर है कि एक–एक घर और एक–एक आदमी तक मोदीजी का नाम पहुंच गया है। –**सुरेन्द्र महतो,** बिहारी श्रमिक

विश्व के भारतवंशियों ने लोकसभा–2014 को स्वाभिमान से जोड़ा

मोदी ही पीएम

3 महीनों में 30 हजार किलोमीटर की यात्रा का निष्कर्ष

इम्फाल
हमारे मनमोहन सिंह और हमारी सोनिया गांधी को बहुत देख लिया। इस बार मोदी को देखना चाहते हैं।
–नन्हन
(मेईती टैक्सी ड्राइवर)

अहमदाबाद
प्रवासी भारतीयों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए जरूरी है कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनें।
–अंजलि बेन
(प्रवासी भारतीयों में 40 वर्षों से सक्रिय)

हांगकांग
हांगकांग के सिम सा सुई में एक सड़क के बारे में टिप्पणी, 'मोडी रोड.. नॉट नरेन्द्र मोदी रोड'।
–सिन जुआन
(एक स्थानीय छात्र)

न्यूयॉर्क
नरेन्द्र मोदी को देखना बाकी है लेकिन शायद वे अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री होंगे।
–भंवरलाल सरावगी
(प्रवासी राजस्थानी मूल के व्यवसायी)

गोपाल शर्मा

3 महीनों के दौरान कई दौर में 30 हजार किलोमीटर की यात्रा.. जम्मू से पोर्ट ब्लेयर, बाड़मेर से इम्फाल.. गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक जैसे विविध प्रभाव वाले राज्यों के दौरे.. नेपाल–श्रीलंका से थाईलैंड–हांगकांग–मकाऊ यानी शेनझेन की सीमा तक अनेक भारतवंशियों से मुलाकातें.. अमेरिका–इंग्लैंड–कनाडा में रह रहे प्रवासी भारतीयों से फोन पर बातें.. जैसे भारतीयों ने चुनाव परिणाम से पहले ही मान लिया है कि अगले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे। प्रवासी भारतीयों में 'पावरफुल पीएम' की ललक पैदा हो रही है ताकि वे दुनिया के सामने भारत के नेता का नाम गौरव के साथ ले सकें; वहीं, भारत का बड़ा वर्ग बदलाव की बयार की रौ में बह जाने को मन बनाए बैठा है। चाहे कोई किसी भी पार्टी का समर्थक क्यों न हो लेकिन देश की सच्चाई है, 'घर–घर मोदी, हर घर मोदी'.. अगर कोई भारतीय जनता पार्टी या समर्थक पार्टी को वोट देने नहीं जा रहा है तो भी उसके घर में सबसे अधिक चर्चा नरेन्द्र मोदी की हो रही है। इम्फाल के 40 वर्षीय मेईती टैक्सी ड्राइवर नन्हन अपने मनमोहन सिंह–सोनिया गांधी को छोड़कर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं.. जम्मू पिछली गलती को सुधारने को तत्पर है.. हांगकांग के प्रसिद्ध 'मोडी रोड' के लिए वहां का स्थानीय सिन जुआन कहता है, 'मोडी रोड.. नॉट नरेन्द्र मोदी रोड'। ..बैंकाक में जयपुर के प्रवासी मोहित पांडे कहते हैं, 'इस बार तो मोदीजी आएंगे' ..अमेरिका में 40 वर्षों से भारतीयों को जोड़ने में लगी अंजलि बेन भारत के चुनाव के संदर्भ में मोदी की चर्चा करते हुए भावविह्वल हो जाती हैं.. वे कहती हैं कि प्रवासी भारतीयों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए जरूरी है कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनें.. बैंकाक में अंतरराष्ट्रीय उद्योगपति सम्मेलन में भारत के राजदूत की उपस्थिति में मंच से मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पुरजोर कोशिश किए जाने का आह्वान होता है.. श्रीलंका के कैंडी–कोलंबो में मोदी की उतनी ही चर्चा है जितनी नेपाल के काठमांडू–विराटनगर और बीरगंज में.. मकाऊ की सबसे बड़ी होटल वेनेशिया में आणंद (गुजरात) की प्रबंधक सुरभि मोदी के नाम से रोमांचित हैं तो वहां की प्रसिद्ध रेस्टोरेंट चेन की प्रमुख अरुणा झा के खचाखच भरे रहने वाले रेस्टोरेंटों में नरेन्द्र मोदी के बैनर छाए हुए हैं.. यहां तक कि गणेशजी की प्रतिमा को भाजपा के कमलधारी दुरंगे झंडे का दुपट्टा ओढ़ाया हुआ है। विदेशों में नरेन्द्र मोदी के बैनर लगे हुए हैं जिनमें नरेन्द्र मोदी चाय का कप थामे हुए दिखते हैं। भारत में खासकर उत्तर भारत, जिसकी जनता लहर ने कांग्रेस को 1977 में सत्ताच्युत किया था, की हालत यह है कि जयपुर–लखनऊ–भोपाल–पटना–दिल्ली.. चारों तरफ भाजपा नंबर वन है और नरेन्द्र मोदी भाजपा का प्रतीक।

(शेष पृष्ठ 7 पर)

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

अविचल राह

गोपाल शर्मा

पत्रकारिता

संस्थापक संपादक	-	महानगर टाइम्स (स्थापना 1997)
मुख्य संवाददाता	-	राजस्थान पत्रिका (1985-1997)
संवाददाता	-	पांचजन्य, दिनमान (1984-1985)

उत्तरदायित्व

एडवाइजर (पूर्व)	:	सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
सदस्य	:	सेंट्रल प्रेस एक्रिडेशन कमेटी, भारत सरकार
सदस्य (पूर्व)	:	पीएसी, डीएवीपी, भारत सरकार
सोसाइटी मेंबर (पूर्व)	:	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन सोसायटी, नई दिल्ली
सीनेट सदस्य (पूर्व)	:	माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल
सदस्य (पूर्व)	:	राजस्थान लीगल एड अथॉरिटी, राजस्थान स्मॉल सेविंग्स बोर्ड, उर्दू अकादमी, एक्रिडेशन कमेटी, समाचार पत्र एप्रूवल कमेटी

पुस्तक लेखन

कारसेवा से कारसेवा तक
भूमिका- श्री कर्पूर चंद कुलिश
लोकार्पण- श्री लालकृष्ण आडवाणी
अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित (रिकॉर्ड बिक्री)

गांधीः जयपुर सत्याग्रह
(भारतीय राजनीति के सशक्त दस्तावेज का रहस्योद्घाटन)

महाव्रती
कर्मयोगी प्रचारक सोहन सिंह
आमुख- श्री मोहनराव भागवत
लोकार्पण- श्री मोहनराव भागवत

चलो कश्मीर
भूमिका- श्री भानुप्रताप शुक्ल
(कन्याकुमारी से कश्मीर तक एकता यात्रा का संपूर्ण वृत्तांत)

आजादी के बाद
भूमिका- डॉ. मुरलीमनोहर जोशी
(राजस्थान पत्रिका-इतवारी पत्रिका में लिखे लेखों का संग्रह)

विकट विप्लवी
अमर शहीद महावीर सिंह
(पोर्ट ब्लेयर की सेलूलर जेल में अनशन करते शहीद)

वडनगर से बनारस
(श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन वृत्त पर आधारित)

साक्षात्कार

ब्रह्मयोगी देवरहा बाबा, क्रांतिकारी श्री जयदेव कपूर, श्री बालासाहब देवरस, श्री अटलबिहारी वाजपेयी, भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान, श्री राजकपूर और जरनैलसिंह भिंडरांवाले-चार्ल्स शोभराज सहित विविध



26 जनवरी, 1992.. लालचौक-श्रीनगर.. श्री नरेन्द्र मोदी, डॉ. मुरली मनोहर जोशी, श्री कृष्णलाल शर्मा के साथ

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

अविचल राह

सामाजिक कार्यों में भूमिका

प्रचारक-विस्तारक	-	तीन वर्ष (पाली-जालौर)
राष्ट्रीय संयोजक	-	राष्ट्रीय क्रांतिकारी परिवार संगठन
संयोजक	-	स्वातंत्र्य समर स्मृति संस्थान
संयोजक	-	ब्रह्मशक्ति सम्मेलन (सामाजिक समरसता के लिए पहल) 14 सितम्बर, 2008
संयोजक	-	सेवा निधि (गुजरात भूकम्प की त्रासदी में सहायता अभियान एवं भुज में राहत शिविर)
संयोजक	-	शहीद समर्पण निधि (कारगिल युद्ध के बाद राजस्थान के सभी शहीद 71 परिवारों का जयपुर में सार्वजनिक नागरिक अभिनंदन और हर परिवार को 51 हजार रुपए की राशि भेंट)
मुख्य संयोजक	-	विप्र महाकुंभ-2012 (सामाजिक समरसता के लिए ऐतिहासिक सम्मेलन)
वरिष्ठ उपाध्यक्ष	-	राजस्थान ब्राह्मण महासभा
संरक्षक	-	विकलांग सहायता एवं जनसेवा समिति,जयपुर
समन्वयक	-	श्री खोले के हनुमान मंदिर विकास योजना
स्वागताध्यक्ष	-	भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रीय अधिवेशन
प्रदेश अध्यक्ष	-	हिन्दुस्तान समाचार स्वर्ण जयंती समारोह समिति
संयोजक	-	श्री भैरोंसिंह शेखावत नागरिक अभिनंदन समिति (उपराष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार जयपुर आगमन)
संयोजक	-	माननीय बाबा साहब आप्टे जन्म शताब्दी समारोह, राजस्थान
संयोजक	-	माननीय दादा भाई अभिनंदन समारोह (मुख्य अतिथि : श्री मोहन राव भागवत)
उपाध्यक्ष	-	श्री ललितकिशोर चतुर्वेदी अभिनंदन समारोह (मुख्य अतिथिः श्री कु.सी. सुदर्शन)

ऑल इंडिया डिबेट कंपीटिशन में शील्ड लेते हुए

पुरस्कार

राष्ट्रीय संचेतना सम्मान, राजस्थान पत्रिका विशिष्ट पुरस्कार, माणक अलंकरण, शरद दूबे स्मृति पुरस्कार, लोकविकास पुरस्कार, महाराणा प्रताप पुरस्कार, श्री गोपाल पुरोहित सम्मान, ग्लोबल ब्राह्मण लीडर अवार्ड, द एडवरटाइजिंग क्लब का तीन वर्ष तक लगातार बेस्ट रिपोर्टर पुरस्कार, महाराजा माधोसिंह पत्रकारिता पुरस्कार, नंदकिशोर पारीक पत्रकारिता पुरस्कार, वृत्तपत्र गौरव पुरस्कार, विवेकानंद गौरव सम्मान, मानव मित्र सम्मान, पिंकसिटी प्रेस क्लब का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड आदि। लगभग 100 संस्थाओं से सम्मानित।

विशेष कवरेज

सामाजिक सशक्तीकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर लगभग 5 हजार आलेख-विशेष रिपोर्ट्स-समाचार।
देश के 300 जिलों में विशेष कवरेज। राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, महाराष्ट्र, पंजाब सहित अन्य राज्यों में चुनावी समाचार संकलन।
अयोध्या आंदोलन (1989-1993)

रामरथ यात्रा	:	सोमनाथ से समस्तीपुर
एकता यात्रा	:	कन्याकुमारी से लालचौक-श्रीनगर
जनादेश यात्रा	:	जम्मू से भोपाल

'महानगर' में प्रकाशित कॉलम **किससे करें गुहार** के जरिये करीब 5 हजार जरूरतमंद और पीड़ित व्यक्तियों का सहयोग।

विदेश यात्राएं

अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, फ्रांस, चीन, वियतनाम, सिंगापुर, कंबोडिया, त्रिनिदाद और टोबैगो, गुयाना, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, थाइलैंड, इंडोनेशिया।

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

न्याय के लिए संघर्ष का पथ

छात्र-युवा जीवन में आंदोलन और गिरफ्तारियों का दौर

28 मार्च, 1984

पुलिस का प्राणघातक हमला

- श्री मुलायम सिंह यादव पर गोलीबारी के विरोध में श्री अटलबिहारी वाजपेयी और श्री चरण सिंह के नेतृत्व में लखनऊ में प्रदर्शन हुआ। इसमें शामिल होने पर प्राणघातक हमले का शिकार होना पड़ा और आंख फोड़ने की कोशिश की गई।

कार्यकर्ताओं पर उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष-गिरफ्तारी

- 18 दिसम्बर, 1978 : चिड़ावा (झुंझुनूं) में स्वयंसेवकों के साथ होने वाली अभद्रता के खिलाफ संघर्ष और गिरफ्तारी।

इंदिरा गांधी को काले झंडे और गिरफ्तारी

- 15 जनवरी, 1982 : प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ प्रदर्शन और काले झंडे दिखाते हुए गिरफ्तार। लाठीचार्ज में घायल।

उर्दू को द्वितीय राजभाषा बनाए जाने के विरोध में गिरफ्तारियां

- 16 फरवरी, 1992 : उर्दू को उत्तर प्रदेश में द्वितीय राजभाषा बनाए जाने के विरोध में शिक्षामंत्री का घेराव करने के दौरान गिरफ्तार।
- 23 फरवरी, 1982 : विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार के खिलाफ रास्ता रोको आंदोलन का नेतृत्व करते हुए गिरफ्तार।

कनॉट प्लेस पर राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सत्याग्रह

- 28 मार्च, 1984 : राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा के नेता श्री अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में कनॉट प्लेस पर गिरफ्तारी।

पत्रकार हितों के लिए प्रदर्शन और गिरफ्तारी

- 1 अक्टूबर, 1995 : राजस्थान के पत्रकारों की समस्याओं को लेकर राजभवन-जयपुर के सामने प्रदर्शन और गिरफ्तारी।

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

पुरस्कार-प्रोत्साहन-आशीर्वाद

माणक अलंकरण से सम्मानित करते देश के वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेन्द्र माथुर

तत्कालीन गृह मंत्री लक्ष्मणसिंह से जुड़ी खबरों का सिलसिला और अंततः उनका त्यागपत्र, तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा उदयपुर में राणा पूंजा की प्रतिमा के अनावरण के संदर्भ में ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर पूंजा की देशभक्ति पर प्रश्न चिह्न लगाना, पुलिस थानों में महिलाओं से बलात्कार और युवकों की मौत, धौलपुर स्टोन कंपनी का घोटाला, हरिजनों पर अत्याचार, इंदिरा नहर परियोजना में भ्रष्टाचार एवं वित्त निगम का बहता रुपया, शीर्षक से जुड़े अनेक समाचारों की श्रृंखला हमारे सामने है। सती प्रकरण और बयाना के तत्कालीन विधायक द्वारा कन्या वध कांड की खबरों को आपने इतनी शिद्दत से और दमदार तरीके से उजागर किया कि टेलीग्राफ, नवभारत टाइम्स, अमृत संदेश, धर्मयुग, द-वीक फ्लेयर, माया जैसी पत्र-पत्रिकाओं को आपकी चर्चा के लिए बाध्य होना पड़ा।

(माणक अलंकरण से सम्मानित होने पर अभिनंदन पत्र का अंश)

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल सम्मानित करते हुए

लोक विकास पुरस्कार से सम्मानित करते पूर्व गृह मंत्री श्री दिग्विजय सिंह और पूर्व वित्त मंत्री श्री मानिकचंद सुराणा

रहस्य उद्घाटन के कठोर और कंटीले मार्ग पर चलकर तथ्य जुटाने के लिए आपने अंधेरी गुफाओं, दनदनाती गोलियों और तिजोरी के ताले में रखे दस्तावेजों को आसानी से प्राप्त कर जिस खोजी पत्रकारिता का प्रयास किया है- वह अपने आप में आपको भी रहस्यपूर्ण बनाता है।

(लोक विकास अवार्ड से सम्मानित होने पर अभिलेख पत्र अंश)

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

पुरस्कार-प्रोत्साहन-आशीर्वाद

श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन से जुड़ी ऐतिहासिक पुस्तक 'कारसेवा से कारसेवा तक' के लिए बिड़ला ऑडिटोरियम में सम्मानित करते विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक सिंघल


सम्मान समारोह के अवसर पर राजस्थान पत्रिका के संस्थापक-संपादक श्री कर्पूरचंद कुलिश का भावभरा आशीर्वाद

उत्कृष्ट और खोजपूर्ण पत्रकारिता के लिए 'श्रेष्ठतम पत्रकार सम्मान' देते वरिष्ठ नेता श्री ललितकिशोर चतुर्वेदी

राजस्थान राजपूत समाज की ओर से राजपूत सभा भवन में महाराणा प्रताप अवार्ड देते नौसेनाध्यक्ष श्री विजय सिंह और ब्रिगेडियर श्री भवानी सिंह

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

पुरस्कार-प्रोत्साहन-आशीर्वाद

प्रेस क्लब लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करते राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री कैलाश मेघवाल, वरिष्ठ नेता श्री रामदास अग्रवाल

जयपुर सिटी पैलेस में महाराजा माधोसिंह अवार्ड से पुरस्कृत करते पूर्व महाराजा ब्रिगेडियर सवाई श्री भवानी सिंह

राजस्थान के सर्वोच्च नंदकिशोर पारीक पुरस्कार से सम्मानित

विवेकानंद गौरव सम्मान प्राप्त करते हुए

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

पुरस्कार-प्रोत्साहन-आशीर्वाद

ग्लोबल ब्राह्मण लीडर अवार्ड प्रदान करते राज्यपाल श्री कलराज मिश्र

श्री श्रीगोपाल पुरोहित सम्मान

सरदार पटेल विश्वविद्यालय, आणंद में यादगार क्षण

मानव मित्र सम्मान प्रदान करते पूर्व राज्यपाल श्री एन.एल. टिबरेवाल

इंटरनेशनल फोटो जर्नलिस्ट एक्जीबिशन में सम्मान

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

संगठन-संस्कार-सक्रियता

स्वर्ण मंदिर में जरनैल सिंह भिंडरांवाले से सीधी बात ... 24 मार्च, 1984

पंजाब में हिन्दुओं के कत्लेआम के खिलाफ स्वर्ण मंदिर तक शांति मार्च

1984 के लोकसभा चुनाव में श्री लालकृष्ण आडवाणी के सान्निध्य में जनता विद्यार्थी मोर्चा, वाराणसी के महानगर संयोजक और युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बेनिया बाग की रैली में बोलते हुए

महात्मा गांधी द्वारा स्थापित काशी विद्यापीठ में वाराणसी के प्रथम सांसद इतिहासज्ञ डॉ. रघुनाथ सिंह के साथ इतिहास परिषद महामंत्री के रूप में

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

संगठन-संस्कार-सक्रियता

श्री नरेंद्र मोदी का सदैव स्नेह बरकरार

महानगर टाइम्स कार्यालय में डॉ. श्री मुरलीमनोहर जोशी के साथ

भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि संघ सरकार्यवाह श्री भैयाजी जोशी के सान्निध्य में स्वागताध्यक्ष के रूप में

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

संगठन-संस्कार-सक्रियता

विहिप बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में; युगपुरुष परमानंदजी और श्री आलोक कुमार के साथ

भारतीय मजदूर संघ, जयपुर अधिवेशन में मुख्य अतिथि

रक्षामंत्री श्री मनोहर पर्रिकर और सूचना एवं प्रसारण मंत्री कर्नल श्री राज्यवर्धन राठौड़ के साथ आत्मीय वार्तालाप

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री हर्षवर्धन के साथ

स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर क्षेत्रीय प्रचारक श्री दुर्गादास के साथ

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

समय की शिला पर हस्ताक्षर



अयोध्या आंदोलन की अनेक ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी

1985 के राजस्थान विधानसभा चुनाव में आमेर में मतगणना के दौरान श्री भैरोंसिंह शेखावत का मुख्य काउंटिंग एजेंट



इमरजेंसी में येरवड़ा जेल में बंद बालासाहब देवरस को जन्मदिन पर लिखे शुभकामना पत्र का जवाब.. उज्जवल भविष्य के संकेत

26 जनवरी, 1992.. लालचौक पर तिरंगा फहराने के लिए जम्मू से श्रीनगर जाने और आने के लिए चार्टर विमान से पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय नेता। साथ में जाने और कवरेज का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ



श्री सोहन सिंह का आशीर्वाद

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

सान्निध्य-साक्षात्कार-स्नेह

राजमाता श्रीमती गायत्री देवी का सतत सान्निध्य

अम्मा अमृतानन्दमयी जी के जयपुर प्रवास से जुड़ी जिम्मेदारी का निर्वाह

श्री अमिताभ बच्चन का साक्षात्कार करते हुए

भारतीय कुश्ती के भीष्म पितामह गुरु हनुमान से पारिवारिक साहचर्य

श्री कपिल देव के साथ उत्फुल्लित क्षण

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

सान्निध्य-साक्षात्कार-स्नेह

सरसंघचालक प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) का सान्निध्य

महानगर टाइम्स कार्यालय में श्री जगत प्रकाश नड्डा सपरिवार

रालेगण सिद्धि में श्री अण्णा हजारे के साथ


श्री हेमवती नंदन बहुगुणा से साक्षात्कार करते हुए

स्वर्ण मंदिर में श्री हरचंद सिंह लोंगोवाल के साथ

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

महान संतों के सान्निध्य का सुअवसर

गोवर्धनमठ पुरी पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद जी सरस्वती महाराज आशीर्वाद प्रदान करते हुए

तेरापंथ आचार्य महाप्रज्ञ जी के जयपुर प्रवास के दौरान निरंतर सान्निध्य और आशीर्वाद मिलता रहा

श्री श्री रविशंकर जी के साथ अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता करते हुए


गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. श्री प्रणव पंड्या जी का आशीर्वाद हमेशा साथ

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

महान संतों के सान्निध्य का सुअवसर

महानगर टाइम्स कार्यालय में जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद जी सरस्वती और मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता के साथ

श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के शिखर संत वीतरागी स्वामी वामदेव जी के साथ जयपुर के शास्त्रीनगर आवास पर वरिष्ठ प्रचारक श्री लक्ष्मणसिंह शेखावत के साथ

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से संपर्क-संबंध

हिन्दी में पद की शपथ लेकर चर्चित नेपाल के उपराष्ट्रपति श्री परमानंद झा से लगातार संपर्क बना रहा; काठमांडू में उनसे एक मुलाकात के दौरान

पोर्ट ऑफ स्पेन में सामूहिक भोज के दौरान त्रिनिदाद-टोबैगो की भारतीय महिला शक्ति की प्रतीक भारतीय मूल की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बसेसर के साथ

ज़ॉर्ज टाउन (गुयाना) में भारत की ओर से बनवाए गए क्रिकेट स्टेडियम के लोकार्पण के अवसर पर राष्ट्रपति भरत जगदेव और भारत के उपराष्ट्रपति श्री भैरोंसिंह शेखावत के साथ

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

'ऑपरेशन पिंक' के बुलडोजरों को करवाया बंद

अन्याय और भेदभाव पर आधारित तुगलकी अभियान के खिलाफ नेतृत्व

10 मार्च, 2000

आंखें खोलिए, गहलोत साहब !

गोपाल शर्मा

क्या जयपुर में इमरजेंसी लगी हुई है? ... गुलाबी नगर को 'हैरिटेज सिटी' बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने की लोकलुभावना 'डायनासोर कार्रवाई' के दौरान खुलकर ज्यादतियां और भेदभावपूर्ण कार्रवाई हो रही हैं। कानून का राज खत्म हो रहा है और जनता को मूलभूत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। ... न्यायालय के स्थगन आदेशों की प्रतियां फाड़ी जा रही हैं, निगम-जेडीए के अनुमति पत्रों को हवा में उछाला जा रहा है और दिखाने पड़ों तथा अनुबंध पत्रों को कोई देखने वाला नहीं है। अपनी जिन्दगी भर की कमाई को सामने लुटता देखकर विरोध करने वालों को डंडे मारे जा रहे हैं। बड़बोले मंत्री फौज बुलाकर कथित 'अतिक्रमण' हटाने की धमकी दे रहे हैं और जयपुर के निर्वाचित बोर्ड के अधिकार छीन लिए गए हैं!

आंखें खोलिए, गहलोत साहब! ... इमरजेंसी में यही हुआ था। इस समय सिर्फ जेल खाली हैं; वह भी इसलिए कि जयपुर की मुख्य पार्टी भाजपा मरी हुई है, शहर के ज्यादातर नेता 'दुकानदारी' में लगे हैं और नपुंसक बोर्ड आंखें फाड़-फाड़कर देख रहा है!

स्टेशन के सामने खुला मैदान और चौड़ा हुआ सोडाला सभी को अच्छा लगता है; अतिक्रमण हटने भी चाहिए लेकिन जनता को न्याय के अधिकार से वंचित होते नहीं देखा जा सकता। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के निर्देशों पर नजर डालिए। लोक कल्याणकारी प्रजातांत्रिक शासन में अतिक्रमणकारियों को उठाकर समुद्र में नहीं फेंका जा सकता। सरकार की जिम्मेदारी तो लोगों को (शेष पृष्ठ 12 पर)

जयपुर
स्थानीय समाचार, राष्ट्रीय दृष्टिकोण
महानगर टाइम्स
सांध्यकालीन वर्ष 3 अंक 105 जयपुर, 28 मार्च 2000, मंगलवार पृष्ठ 12 मूल्य 1 रुपया

अधिकतम लाभ उठावें
महानगर टाइम्स में
विज्ञापन लगावें
(विज्ञापन दर मात्र 100 रू. प्रति कालम प्रति सेंटीमीटर)
सम्पर्क : विज्ञापन विभाग
फोन: 741999, 742633

28 मार्च, 2000

ऑपरेशन पिंक के खिलाफ जयपुर की जनता उमड़ पड़ी

जयपुर, 28 मार्च (मसं)। ऑपरेशन पिंक की ज्यादतियों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर जयपुर की जनता आज विधानसभा के बाहर उमड़ पड़ी। हजारों लोगों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए जनभावना का इजहार किया। पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत जनता के बीच आए तो राजस्थान का एक ही सिंह-भैरोंसिंह-भैरोंसिंह के नारों से वातावरण गूंज उठा।

'ऑपरेशन पिंक बन्द करो बन्द करो', तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी, तथा अशोक गहलोत हाय-हाय, घारीवाल हाय-हाय, मंजीत सिंह हाय-हाय के नारों के साथ भाजपा संघर्ष समिति का जुलूस रामनिवास बाग से विधानसभा के लिए रवाना हुआ। जुलूस के साथ चल रहे लोगों में प्रदर्शन के प्रति जोश और उत्साह था तो तोड़फोड़ के खिलाफ दुख और आक्रोश के भाव भी नजर आ रहे थे। जुलूस का अगला सिरा जब बड़ी चौपड़ पर था तो पिछले सिरा बीपूबाजार के बीच में चल रहा था। पूरी सड़क को घेरे लोग नारे लगाते रोने का उपक्रम करते और सरकार को कोसते हुए चल रहे थे। जुलूस का नेतृत्व सांसद गिरधारी लाल भार्गव, महापौर निर्मला वर्मा, पवन शर्मा, कालीचरण सर्राफ, राजपालसिंह, प्रताप सिंह खाचरियावास, रामेश्वर भारद्वाज, पूर्व महापौर मोहनलाल गुप्ता, पूर्व उपमहापौर घनश्याम शर्मा राजापार्क व्यापार मंडल के अध्यक्ष रवि नैय्यर तथा चन्द्र भाटिया और झोटवाड़ा व्यापार मंडल के (शेष पृष्ठ 12 पर)

50 वर्षों में ऐसा जुल्म नहीं देखा : भैरोंसिंह

जयपुर, 28 मार्च (मसं)। पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत का कहना है कि उन्होंने पचास वर्ष के राजनीतिक जीवन में शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर जनता पर इस तरह का जुल्म नहीं देखा। यह (शेष पृष्ठ 12 पर)

विधानसभा घेराव में उमड़ी जयपुर की जनता

- 1998 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से सत्ता में आने के बाद मदांध होकर सौंदर्यीकरण के नाम पर तत्कालीन गहलोत सरकार ने मार्च, 2000 में बहुचर्चित 'ऑपरेशन पिंक' चलाया। अफसरों को जयपुर में दमनचक्र चलाने की खुली छूट देकर जिस तरह 'डायनासोर' ने अपने क्रूर पंजों से गरीब-गुरबों, मजदूरों के आशियाने और रोजी-रोटी के ठिकाने उजाड़े उसके खिलाफ सबसे पहला और सशक्त प्रतिकार करने के लिए 'महानगर' आगे आया। एक स्वतंत्र और निर्भीक समाचार पत्र के रूप में 'महानगर' जयपुर की बुलंद आवाज बन गया।
- शासन के अत्याचारों की श्रृंखला पराकाष्ठा को पार कर चुकी थी। पूर्व मुख्यमंत्री श्री भैरोंसिंह शेखावत जैसे जननेता को भी आहत होकर यह कहना पड़ा कि उन्होंने 50 वर्ष के अपने राजनीतिक जीवन में शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर जनता पर ऐसा जुल्म नहीं देखा। महानगर टाइम्स के प्रखर अभियान के कारण भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री भंवरलाल शर्मा आमरण अनशन पर बैठे।
- 'महानगर' की भूमिका का चमत्कृत असर ऐसा रहा कि जयपुर के सामाजिक-स्वयंसेवी संगठनों के साथ ही भाजपा के नेता-कार्यकर्ता सभी संगठित होकर शासन के दमन चक्र का खुला विरोध करने के लिए सीना तानकर खड़े हो गए। आखिरकार जयपुर का हृदय स्थल कही जाने वाली माणक चौक चौपड़ से सरकारी लाव-लश्कर को अपने पंजे पीछे खींचने पड़े। जयपुर के हित में महानगर टाइम्स की सजग भूमिका ने 'सांगठनिक क्षमता' का अहसास करवाया।

ऑपरेशन पिंक के खिलाफ गुस्सा भड़का

*** दो दर्जन दुकानों पर तोड़फोड़ * स्टे को दरगुजर किया * भाजपा ने मोर्चा संभाला**

जयपुर, 25 मार्च (मसं)। हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद आज सवेरे चारदीवारी में दल-बल समेत घुसे डायनासोरों को छोटी चौपड़ पर जबर्दस्त विरोध के चलते कार्रवाई रोक बीच में ही वापस लौटना पड़ा। चतुर्भुज जी के मंदिर के नीचे खड़े में बैठे फल-सब्जी वालों के साथ आज बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मोर्चे पर डटे हुए थे और जैसे ही 'डायनासोर' चौपड़ पर पहुंचे माहौल गरमा गया और जबर्दस्त नारेबाजी शुरू हो गई। शहर भाजपा के समस्त प्रभावशाली नेता एवं कार्यकर्ता वहां एकजुट थे और सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। पूर्व मंत्री कालीचरण सर्राफ, राजपालसिंह शेखावत, महापौर निर्मला वर्मा, प्रतापसिंह खाचरियावास, पार्षद सुमन शर्मा, चन्दीराम राघानी, ओम स्वामी, विवेक कालिया, स्वाति परनामी, रमेश मुन्दड़ा, संजय जैन, कुलवंत सिंह, शीला डोडिया, मंजू शर्मा, दुर्गासिंह, अशोक पाण्ड्या, अटल शर्मा सहित करीब पांच सौ से ज्यादा कार्यकर्ता वहां नारेबाजी कर रहे थे। माहौल बिगड़ता देखकर अधिकारियों ने आपरेशन पिंक की कार्रवाई बन्द करवा दी। फल-सब्जी वाले और भाजपा के कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। निगम के एक अधिकारी द्वारा एक भाजपा कार्यकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार करने से तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता पुलिसकर्मियों से उलझ पड़े। बड़े पुलिस अधिकारियों ने बीच बचाव कर मामला शान्त किया। (शेष पृष्ठ 12 पर)

25 मार्च, 2000


छोटी चौपड़ पर ऑपरेशन पिंक के दौरान उपस्थित जनसमूह


बड़ी चौपड़ पर ऑपरेशन पिंक के खिलाफ भाजपा का धरना

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

पत्रकारिता धर्म का सतत निर्वाह

सती प्रकरण पर उद्वेलित स्वाभिमानी राजपूत समाज

दिवराला सती प्रकरण

हिन्दू समाज विशेषकर राजपूत वर्ग के लिए चुनौतीभरा समय। पत्रिका के विशेष संवाददाता के रूप में हिन्दू स्वाभिमान, सामाजिक समरसता और नव जागरण की समन्वित भूमिका का निर्वाह

गोपाल शर्मा के लेख को पढ़ते श्री अटलबिहारी वाजपेयी



गृह राज्यमंत्री का इस्तीफा

गृह राज्यमंत्री द्वारा हिस्ट्रीशीटर के सम्मान को किया उजागर

- कांग्रेस की शिवचरण माथुर सरकार में भ्रष्टाचार का सिलसिलेवार खुलासा करने के कारण गृह और खनिज राज्यमंत्री लक्ष्मण सिंह रावत को इस्तीफा देना पड़ा।
- लक्ष्मण सिंह रावत ने राजस्थान के विभिन्न खनिज क्षेत्रों में कायदे-कानून को ताक पर रखकर खानें आवंटित कीं और अपने निकटतम लोगों या पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया। पत्रिका संवाददाता के रूप में जनता के समक्ष भ्रष्टाचार के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।
- कांग्रेस के भीलवाड़ा के कार्यकर्ता और ए श्रेणी के हिस्ट्रीशीटर को लक्ष्मण सिंह ने सार्वजनिक रूप से साफा बांधकर सम्मानित किया। यह खबर प्रकाशित करने के बाद राजनीतिक क्षेत्रों में हलचल मच गई। राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी भी लक्ष्मण सिंह के खिलाफ खड़ी हो गई। आखिरकार, लक्ष्मण सिंह को इस्तीफा देना पड़ा।

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

पत्रकारिता धर्म का सतत निर्वाह

सूपा में बच्चियों का मारा जाना बंद

दादी हुकुम कौर, बच्चियों को जन्म लेते ही मारने का आरोप

- अस्पताल के रिकॉर्ड से बच्चियां पैदा होने की पुष्टि हुई। दूर के रिश्तेदारों ने बच्चियों के मारे जाने के गोपनीय रूप से बयान दिए।
- सूपा कन्या कांड के खुलासे के बाद राजस्थान की राजनीति में तहलका मच गया। विधानसभा ठप हो गई। न्यायालय की भूमिका सक्रिय रूप से सामने आई। इसके परिणामस्वरूप कई पीढ़ियों से बच्चियों के पैदा होते ही मारे जाने की घटना हमेशा के लिए बंद हो गई। अब उस परिवार में बेटियों की किलकारियां गूंज रही हैं।
- कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे बृजेन्द्र सिंह सूपा के परिवार में बच्चियों के पैदा होते ही मारे जाने की घटनाएं सुनी-बोली जाती रहीं। तीन पीढ़ियों में संयुक्त परिवार के कुल 33 बच्चियों को मारे जाने का विषय उठा।
- रिपोर्टर के रूप में सूपा और आसपास के गांवों में वेश और पहचान बदलकर कई दिनों तक सूपा कन्या कांड के प्रत्यक्षदर्शी और दस्तावेजीय सबूत इकट्ठे किए। उस परिवार के बंधुआ मजदूरों से गोपनीय मुलाकातों में रहस्य के पर्दे खुलते चले गए।


ओमप्रकाश और लक्ष्मण, बंधुआ मजदूर ने खुलवाए रहस्य के पन्ने

50 साल बाद आजाद हुआ मेहरू खुर्द

मेहरू खुर्द के बाशिंदे दर्द भरी व्यथा बयान करते

- सामंती और जागीरदारी आतंक के कारण मेहरू खुर्द आजादी के बाद भी 50 साल तक यंत्रणा और गुलामी का शिकार रहा। कुछ लोगों ने अत्याचार से तंग आकर आत्महत्या कर ली।
- मेहरू खुर्द की घटनाओं का रिपोर्टर के रूप में खुलासा करने के बाद विधानसभा ने इस विषय को मुद्दा बना लिया। पक्ष-प्रतिपक्ष एकजुट हो गए। सरकार की सख्ती और प्रशासन की सक्रियता से आखिरकार मेहरू खुर्द के आतंकी जमींदार को घुटने टेकने पड़े। वहां की जनता गुलामी से मुक्त हुई। इस तरह आजाद हुआ मेहरू खुर्द।

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

पत्रकारिता धर्म का सतत निर्वाह

बीलवाड़ी मुठभेड़ का पर्दाफाश

- जयपुर जिले की पुलिस ने इनाम पाने के लालच में 3 निर्दोष युवकों की रात के अंधेरे में गोली मारकर हत्या कर दी। उन युवकों को उग्रवादी बताया गया। गोली लगने के बावजूद जिंदा बच गए एक अन्य युवक को टाडा में गिरफ्तार करके जेल में बंद कर दिया गया।

- इस घटनाक्रम, संबंधित पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विभिन्न बयानों के आधार पर यह साबित किया कि मृतक उग्रवादी या तस्कर नहीं थे। वे निरपराध थे और उन्हें नजदीक से राइफलें सटाकर गोली मारी गई। पहचान बदलकर अजमेर जेल में बंद प्रत्यक्षदर्शी से किए गए इंटरव्यू ने पूरे घटनाक्रम को सिलसिलेवार ढंग से सामने रख दिया।

- गोली मारने वाली पुलिस टोली गिरफ्तार की गई। एसपी से लेकर स्थानीय थानाध्यक्ष तक सभी निलंबित किए गए।

मृतक सुल्तान

मृतक हरिराम की पत्नी, पुत्र और पुत्री

तिमनगढ़ की तस्करी

- जैन-बौद्ध समेत हिन्दू परंपरा के प्रमुख केंद्र तिमनगढ़ की बहुमूल्य धरोहर हैलीकॉप्टरों के जरिए तस्करी की गई। हजारों मूर्तियां उठा ले गए।
- डाकुओं के डेरा डालने और बाघिन के ब्याहे जाने के बावजूद तिमनगढ़ की तस्करी का खुलासा किया।

आईएएस की पहली गिरफ्तारी

- भ्रष्टाचार के प्रकरण का सिलसिलेवार ढंग से खुलासा करने के कारण देश में पहली बार किसी आईएएस की गिरफ्तारी जयपुर में हुई। आईएएस फर्जी बीमारी का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो गया। इसके सबूत भी छापे कि अफसर बीमार नहीं है।

- आईएएस ने ट्रेनिंग देने की नकली संस्थाओं का जाल खड़ा करके उनको दी जाने वाली सहायता राशि बीच में ही हड़प ली थी। इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज होने से लेकर उसकी गिरफ्तारी तक पूरे रहस्योद्घाटन को पत्रिका संवाददाता के रूप में प्रकाशित किया।

बी.के.मीणा गिरफ्तार

— गोपाल शर्मा —

की रक्त जांचों और शनिवार को सुबह एन्डोस्कोपी और गैस्ट्रोस्कोपी की जांचों से निष्कर्ष निकला कि मीणा को न तो हृदय रोग है और न ही उनके अल्सर या कोई घाव वगैरह है। तब अस्पताल की ओर से भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को सूचना भिजवाई गई कि मीणा बीमार नहीं हैं तथा उन्हें छुट्टी दी जा रही है।

इस सूचना पर भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारियों जी.पी. नाग, एम.एल. चड्ढा, दिनेश शर्मा के नेतृत्व में 5-6 गाडियों में भरकर पुलिसकर्मी वर्दी और सादे वेश में दुर्लभजी अस्पताल पहुंचे। उस समय मीणा का 'डिस्चार्ज टिकट' बनवाया जा रहा था। उसी समय ये अधिकारी सघन चिकित्सा इकाई में पहुंचे तथा पहले से तैयार हो रहे बी.के. मीणा को कहा, "आप अब गिरफ़्तार हैं।" मीणा पुलिस अधिकारियों के साथ चलकर नीचे उतरे तथा पोर्च में तैयार खड़ी पुलिस अधीक्षक की गाड़ी में बैठकर भ्रष्टाचार निरोधक विभाग पहुंचे।

बी.के. मीणा की गिरफ़्तारी के लिये "स्थायी वारंट" जारी

-गोपाल शर्मा-

जयपुर, 3 जून। भारतीय प्रशासनिक सेवा के फरार एवं निलम्बित अधिकारी बी.के. मीणा को गिरफ़्तार करने के लिए न्यायालय से "स्थायी वारंट" जारी हो गया है वहीं राजस्थान पुलिस विभाग भी मीणा की गिरफ़्तारी के लिए भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के साथ तेजी से जुट गया है।

विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि जयपुर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में हुए एक करोड़ पांच लाख रुपए से ऊपर के घोटाले में निलम्बित आई.ए.एस. अधिकारी बी.के. मीणा को गिरफ़्तार

जांच में बी.के. मीणा के कोई बीमारी नहीं पाई

भ्रष्टाचार निरोधक विभाग का सभी जिला शाखाओं को टेलीफोन

के. मीणा जहां मिलें, गिरफ़्तार कर लिया जाये

एक करोड़ के घोटाले पर लीपा

• गोपाल शर्मा

फर्जी रिकार्ड से धोखाधड़ी

95 लाख रु. हड़प लिये

गोपाल शर्मा

जयपुर, 15 दिसम्बर। अनुसूचित जाति के बेरोजगारों के प्रशिक्षण के लिए खर्च की जाने वाली राशि में से 95.52 लाख रुपए एक कनिष्ठ

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

पत्रकारिता धर्म का सतत निर्वाह

बंद हुआ नरबलियों का सिलसिला

स्कूल से आ रहे बच्चे का अपहरण कर लिया गया और उसकी बिगोद गांव में नरबलि दे दी गई। सदमे में डूबे बच्चे के माता-पिता। राजस्थान में उस दौरान नरबलि की कई घटनाएं हुईं।

भीलवाड़ा जिले में गिरफ्तार किए गए नरबलि के अभियुक्त

- भीलवाड़ा जिले के बिगोद गांव में एक बच्चे की नरबलि के बारे में की गई रिपोर्टिंग ने कड़ियां इस तरह खोलीं कि कई बच्चों की नरबलियों की घटनाएं सामने आईं। सिलसिलेवार ढंग से किए गए खुलासे के कारण पुलिस सक्रिय हुई और उसके बाद नरबलि की घटनाएं बंद हुईं।
- अंधविश्वास और विभिन्न तरह की लालसाओं ने लोगों को इस कदर अंधा बना रखा था कि मासूमों की हत्या करने से भी नहीं चूके। आश्चर्य यह था कि हत्यारों को इतने घृणित कांड को अंजाम देने का भी अफसोस नहीं था।

बीसलपुर विस्थापितों को न्याय

- बीसलपुर बांध के विस्थापितों को न्याय मिलने में माध्यम बनने से सैकड़ों गरीब लोगों को जमीनें मिलीं।
- रिपोर्टर के रूप में 2 दर्जन गांवों का दौरा करके यह रहस्योद्घाटन किया कि बीसलपुर बांध के विस्थापितों को किए गए भूमि आवंटन का लाभ मूल विस्थापितों तक नहीं पहुंचा। प्रभावशाली लोगों ने मूल विस्थापितों के नाम वाली जमीनें बीच में हड़प लीं और कब्जा कर लिया। यहां तक कि जिनकी जमीनें थीं, वे वहां मजदूर के रूप में काम कर रहे थे।
- सीरीज के रूप में बीसलपुर विस्थापितों के पुनर्वास में हुए जबर्दस्त घोटाले के पर्दाफाश के बाद मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनी। परिणाम यह निकला कि सैकड़ों विस्थापितों को उनके नाम आवंटित जमीनें प्राप्त हुईं और उनके घरों की खुशियां लौटीं।

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

समय की शिला पर हस्ताक्षर

15 अक्टूबर, 2011

नरेन्द्र मोदी ही भविष्य का सशक्त चेहरा

'..सक्षम व्यक्तित्व के रूप में सिर्फ एक नाम उभरता है.. नरेन्द्र मोदी। मोदी में विश्व नेता बनने की सामर्थ्य है। वे इंदिरा गांधी के सशक्त नेतृत्व को और आगे बढ़ाने वाले साबित होंगे; वे वाजपेयी की तरह उदारवादी नहीं माने जाते लेकिन उदारवादी वाजपेयी को भी विरोधी दलों ने कब स्वीकार किया! उम्मीद जगती है कि जिस तरह सरदार पटेल ने राज्यों को एकीकरण करवाकर सशक्त भारत की बुनियाद रखी, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मोदी आतंकवाद मुक्त भारत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं। पाकिस्तान तो मोदी जैसे नेतृत्व के रहते आंखें दिखाने की सोच भी नहीं सकता। मोदी भारत का सशक्त चेहरा हैं; उनका स्वागत होना चाहिए। ..ऐसे नेता की अनदेखी नहीं होनी चाहिए, जो देश के बड़े और सामर्थ्यशाली राज्यों में से एक प्रदेश में 10 सालों से मुख्यमंत्री बनने वाला अकेला राजनेता हो; जिन्हें नंबर-1 मुख्यमंत्री माना जाता हो; जो भ्रष्टाचार-चरित्रहीनता के आम आरोपों से अब तक सर्वथा दूर हों।

आतंकवाद को कुचलने में सक्षम
संपादकीय, महानगर टाइम्स

13 सितंबर, 2001

संसद पर हमले की आशंका

'..अमरीका की चिंता में आंसू बहाने की बजाए देश में जरूरत इस बात की है कि भारत की सुरक्षा पर चिंतन हो, उसकी तैयारी की जाए और हम अपनी कमजोरियों को दूर करके छिद्रविहीन व्यवस्था लागू करने की कोशिश करें। अब यह असंभव नहीं लगता कि यदि पाकिस्तान-तालिबान वगैरह ने चीन जैसे शक्तिशाली देश की शह पर भारत में किसी ऐसे षडयंत्र को अंजाम दे दिया, तो हम तो न राष्ट्रपति भवन-प्रधानमंत्री निवास को बचाने की स्थिति में हैं और न सांसदों से भरी हमारी संसद को; अन्य स्थलों की तो बात ही क्या है! हालांकि गगनचुंबी इमारतों पर ऐसे हवाई हमले ज्यादा सटीक होते हैं, लेकिन भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए तो उतने बड़े षडयंत्र की भी जरूरत नहीं है। भारत को भगवान भरोसे छोड़ने से काम चलने वाला नहीं है; यह राष्ट्रवाद के जागरण का समय है।'

भारत के सावधान रहने का समय
संपादकीय, महानगर टाइम्स

5 दिसम्बर, 1992

विवादित ढांचा देखते ही कारसेवक उत्तेजित

'विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने शनिवार की शाम तक जिस ढंग से रणनीति बनाई है, उससे लगता है कि वे संशय बनाकर रखना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि 6 दिसम्बर को कारसेवा हो और देश भर के लोगों को यह लगे कि कारसेवा हो गई, लेकिन कानूनी दांवपेंचों से उन्हें यह कहने का मौका मिल जाए कि न्यायालय की अवमानना नहीं की गई। विश्व हिंदू परिषद द्वारा कारसेवा करने की बार-बार घोषणा के बावजूद कारसेवकों में इस बात का संशय बना हुआ है कि कारसेवा किस रूप में होगी। प्रमुख कार्यकर्ता भी इस बात को लेकर शंकित हैं कि रविवार को न जाने क्या हो। विश्व हिंदू परिषद से जुड़े अधिकांश साधु-संत किसी भी प्रकार के दांवपेंच के खिलाफ हैं और युवा कारसेवक विवादित ढांचा देखते ही उत्तेजित हो उठते हैं। अनेक कारसेवकों ने सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना को हिंदू स्वाभिमान से जोड़ रखा है।'

कारसेवा के स्वरूप को लेकर संशय
राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ 1

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान

- 1989 में राजस्थान स्तर पर राजस्थान पत्रकार संघ (जार) का पुनर्गठन पत्रकार हितों और ध्येयपूर्ण पत्रकारिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण घटना रही। लगातार तीन बार महामंत्री रहने के बाद 1995 में गोपाल शर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। राजस्थान में वह काल पत्रकार संगठन की दृष्टि से स्वर्णिम माना जा सकता है।
- गोपाल शर्मा के संयोजकत्व में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) का तीन दिवसीय द्विवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन (7-9 दिसम्बर, 1995) सहभागिता, व्यवस्था और अनुशासन के लिहाज से ऐतिहासिक सिद्ध हुआ।
- राष्ट्रीय अधिवेशन में श्री अटलबिहारी वाजपेयी समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और श्री भैरोंसिंह शेखावत ने अधिवेशन का उद्घाटन किया।
- इस अधिवेशन की विशेषता यह रही कि समापन सत्र में मुख्यमंत्री होते हुए भी श्री भैरोंसिंह शेखावत सभी मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ श्रोताओं में बैठे; जबकि पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवचरण माथुर मंच पर उपस्थित थे। वहीं, धुर विरोधी होते हुए भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और युवक कांग्रेस ने मिलकर राष्ट्रीय अधिवेशन की व्यवस्थाओं को संभाला। सामान्य प्रचलन के बावजूद राष्ट्रीय अधिवेशन के आयोजन में सरकार से कोई सहयोग नहीं लिया गया।

जयपुर के सूचना केन्द्र में आयोजित कानमल ढड्ढा व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर के साथ जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष के रूप में पत्रकारों की समस्याओं के संदर्भ में चर्चा करते हुए

राज्यपाल श्री बलिराम भगत के समक्ष ज्ञापन पढ़ते; साथ में श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्री कैलाश मिश्र और प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री विश्वास कुमार

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स का राष्ट्रीय अधिवेशन

देश भर के श्रमजीवी पत्रकारों का जयपुर में अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन

समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ (बाएं से) श्री बलवीर पुंज, गोपाल शर्मा, श्री शिवचरण माथुर और श्री एच.के. दुआ

अधिवेशन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री भैरोंसिंह शेखावत के साथ जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित

एनयूजेआई (इंडिया) के राष्ट्रीय अधिवेशन की संख्या देखकर मुझे लगता है कि प्रिंट मीडिया के लिए कोई खतरा नहीं है। मैं आपके संगठन को बधाई देना चाहता हूं, यह संगठन निरंतर शक्तिशाली हो रहा है और पत्रकारों का प्रतिनिधि संगठन बन रहा है। आप जहां राजनीतिक दलों की आलोचना करें, वहां अपना घर किस तरह से ठीक रखा जाए, इस पर भी चर्चा करें और इस पर भी सही फैसले करें। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं।

- अटल बिहारी वाजपेयी

एनयूजेआई का राष्ट्रीय अधिवेशन

कारसेवा से कारसेवा तक का लोकार्पण

महानगर टाइम्स का लोकार्पण समारोह

पत्रकार हितों के लिए सजग

श्रीगंगानगर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए

नाथद्वारा के पत्रकार सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में

चित्तौड़गढ़ जिला पत्रकार संघ के सम्मेलन में

जयपुर में पत्रकार हितों के लिए सिविल लाइंस पर प्रदर्शन

राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए

सीकर में महर्षि नारद जयंती पर संबोधन

सामाजिक समरसता के लिए विप्र महाकुंभ

कारगिल शहीद समर्पण समारोह

जनसेवा कार्यक्रम

महानगर टाइम्स का लोकार्पण

23 नवंबर, 1997

निवेदन

अंधियारा होने से पहले खबरों की रोशनी लेकर उपस्थित हो रहा है सायंकालीन दैनिक जयपुर महानगर टाइम्स। पत्रकारिता के फलक पर छाए कुहासे और शोर के प्रदूषित माहौल में गोधूलि के पवित्र वातावरण का अहसास कराने के संकल्प के साथ। एक ऐसे अखबार का स्वप्न साकार करने का प्रयत्न किया जा रहा है जो विश्वप्रसिद्ध गुलाबी नगर का जागरूक प्रहरी हो तथा जयपुर की आवाज बन जाए। लोग स्याही से छपे हरफों में अपनी भावना को मुखरित होता देखें तथा जनता को लगे कि यह उनका अपना अखबार है।

समाचार पत्रों की कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौर में बड़े पूंजीपतियों के अलावा अन्य किसी का अस्तित्व बनाये रख पाना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद हर तूफान से टकरा जाने का साहस जुटाकर अखबार निकालने का बीड़ा उठाया है।

'महानगर टाइम्स' व्यावसायिक सोच का प्रतिफल या लाभ कमाने के उद्देश्य से शुरू किया गया धंधा नहीं है। इसके पीछे सोच है- निष्पक्ष, राष्ट्रीय और विश्वसनीय अखबार निकालने का। पत्रकारिता के पेशे को निष्पक्ष बनाए रखने की पक्षधर टीम ने जयपुर की जनता पर पूरा भरोसा करके एक सम्पूर्ण व जवाबदेह अखबार निकालने का बीड़ा उठाया है। इस कोशिश में न तो किसी जोखिम की परवाह है और न आने वाली चुनौतियों का कोई भय है। जयपुर की जनता की आवाज को मुखर तरीके से बुलंद करने की तमन्ना है और हर दु:खी की पीड़ा में सहारा बनने की लालसा है। कोई पीड़ित या दु:खी अखबार के दफ्तर की सीढ़ियों पर चढ़ेगा तो उसे लगेगा कि वह अपने सहयोगियों के पास जा रहा है। प्रकाशनों का शुरू होना और बंद होना सिर्फ पैसे पर निर्भर नहीं है। अम्बानी और डालमिया के अखबार नहीं चल पाए तथा जैन ग्रुप के अखबार भी बंद होते रहे हैं। जनभावना की अभिव्यक्ति के बूते पर ही 'इण्डियन एक्सप्रेस' आपातकाल की चुनौती से टक्कर सका था। बस एक ही संकल्प है कि अखबार की कलम को न तो कोई खरीद सके, न झुका सके। जयपुर के लोगों की भावना को ध्यान में रखकर महानगर टाइम्स आकार ले रहा है तथा यह यहां के लाखों लोगों की आवाज बन जाए यही कामना है।

